दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

PADMAVAT MEDIA
न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

Reg.No.MH180326353

पदमावत मीडिया

• डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र एवं राजस्थान से प्रकाशित •

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

• न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे •

• वर्ष 13 • डिजिटल अंक 02 • मुंबई, गुरुवार, 27 अगस्त, 2026 • प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत • कुल पृष्ठ 04 • मूल्य : 0.00/- • निःशुल्क

सांगानेर में महिलाओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को बांधे रक्षासूत्र, कांग्रेस को दी 2 साल बनाम 5 साल की चुनौती

मुख्यमंत्री बोले—कांग्रेस ने राजस्थान को जीर्ण-शीर्ण किया, भाजपा सरकार ने समृद्ध और सशक्त प्रदेश की मजबूत नींव रखी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में राजस्थान की जनता को भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं दिया। युवाओं का कांग्रेस सरकार से भरोसा उठ गया था, जबकि किसान और मजदूर वर्ग परेशान रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के समय गैंगस्टर खुलेआम आतंक फैलाते रहे और सरकार उनके सामने गर्दन झुकाकर बैठी रही।

मुख्यमंत्री बुधवार को सांगानेर के मानसरोवर में आयोजित रक्षाबंधन पर्व कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान महिलाओं ने मुख्यमंत्री को रक्षासूत्र बांधे। मुख्यमंत्री ने माताओं-बहनों को रक्षाबंधन की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व भाई-बहन के स्नेह के साथ बहनों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तीकरण के संकल्प को मजबूत करने का अवसर भी है।

कांग्रेस के पांच साल बनाम भाजपा सरकार के दो साल

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश की स्थिति ऐसे जीर्ण-शीर्ण मकान जैसी कर दी थी, जो चारों तरफ से टूटा-फूटा पड़ा था। इस बदहाली को बदलने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने प्रदेश के विकास का स्पष्ट रोडमैप तैयार किया। पिछले ढाई वर्षों में पानी, बिजली, रोजगार, किसान और महिला सशक्तीकरण सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। उन्होंने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने विधानसभा में 2 साल बनाम 5 साल का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखा है। इसमें दोनों सरकारों के कार्यों और योजनाओं का तुलनात्मक विवरण दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेता विधानसभा में बहस करने के बजाय मैदान छोड़कर भाग गए। उन्होंने कांग्रेस से अपने पांच वर्ष के कार्यकाल का लेखा-जोखा जनता के सामने रखने को कहा और दावा किया कि जनता काम के आधार पर स्वयं तय कर लेगी कि किस सरकार ने अधिक कार्य किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल हल्ला मचाने से कुछ नहीं होता, जनता के सामने आकलन काम के आधार पर होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता कहते थे कि राजस्थान में वन स्टेट, वन इलेक्शन कोई नहीं करवा सकता, लेकिन भाजपा सरकार राजस्थान में वन स्टेट, वन इलेक्शन की दिशा में आगे बढ़ रही है।

जल परियोजनाओं पर तेजी से काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की आवश्यकता को देखते हुए सभी जिलों में जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए काम किया जा रहा है। राजस्थान में वर्तमान में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की जल परियोजनाएं संचालित हैं। करीब एक लाख करोड़ रुपये की रामजल सेतु लिंक परियोजना पर मिशन मोड में काम चल रहा है। करीब 34 हजार करोड़ रुपये के यमुना जल समझौते को भी धरातल पर उतारा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि नहरी क्षेत्र के लिए इंदिरा गांधी नहर और गंग नहर के सुदृढ़ीकरण, उदयपुर क्षेत्र के लिए देवास योजना, जवाई बांध में सोम-कमला-अंबा से पानी पहुंचाने तथा ब्राह्मणी नदी से बीसलपुर में पानी लाने की योजनाओं पर भी काम किया जा रहा है।

2027 तक किसानों को दिन में बिजली देने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश बिजली के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सरकार ने वर्ष 2027 तक पूरे प्रदेश में किसानों को दिन के समय बिजली उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। वर्तमान में 26 जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराई जा रही है।

पेपरलीक पर अंकुश, भर्तियों को मिली गति

मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर युवाओं को पेपरलीक का दंश देने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने पेपरलीक पर अंकुश लगाया है और ढाई वर्षों में रिकॉर्ड भर्तियां की हैं। सरकार ने युवाओं को चार लाख सरकारी नौकरियां देने का संकल्प लिया था। अब तक एक लाख 89 हजार नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं, जबकि एक लाख 22 हजार नियुक्तियां प्रक्रियाधीन हैं। इसके अलावा 70 हजार नई भर्तियों की तैयारी चल रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हित में भी लगातार काम कर रही है। किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बोनस के माध्यम से किसानों को आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है।

महिला सशक्तीकरण पर सरकार का जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, समृद्धि और ज्ञान का स्वरूप मानते हुए सर्वोच्च स्थान दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, जन-धन योजना, उज्ज्वला योजना, घर-घर शौचालय और जल जीवन मिशन जैसी पहलों से महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तीकरण को नई दिशा मिली है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं के राजनीतिक नेतृत्व के विकास का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में करीब 20 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। भाजपा सरकार प्रदेश की जनता से किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। पिछले ढाई वर्षों में सांगानेर में भी स्थानीय लोगों की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं के अनुरूप उल्लेखनीय विकास कार्य कराए गए हैं। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी, पूर्व विधायक शंकर सिंह राजपुरोहित, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रसन्न मेहता सहित जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

सिमरिया में अवैध हथियार और चोरी की चार मोटरसाइकिल बरामद, आरोपी गिरफ्तार

चतरा@पदमावत मीडिया। सिमरिया थाना पुलिस ने अवैध हथियार और चोरी की मोटरसाइकिल के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके घर से एक देशी बंदूक और चोरी की चार मोटरसाइकिल बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार 25 अगस्त को वरीय अधिकारियों को सूचना मिली थी कि ग्राम काशियातु, टोला चोरबोरा निवासी मुकेश गंझू अपने घर में अवैध हथियार और चोरी की मोटरसाइकिल रखे हुए है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम सूचना के आधार पर मुकेश गंझू के घर पहुंची। पुलिस को देखते ही घर से निकलकर भागने का प्रयास कर रहे मुकेश गंझू को सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। घर की तलाशी लेने पर एक देशी बंदूक और चोरी की चार मोटरसाइकिल बरामद हुईं। इस संबंध में सिमरिया थाना कांड संख्या 150/26, दिनांक 25 अगस्त 2026 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 317(5)/3(5) एवं आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)ए/35 के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई चीज नहीं, साइबर ठगी होते ही 1930 पर करें संपर्क : मुख्यमंत्री

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

मुंबई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागरिकों से साइबर ठगी के प्रति सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई चीज नहीं होती। यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार होता है तो बिना देरी किए साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें। सह्याद्री अतिथिगृह में महाराष्ट्र साइबर की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने साइबर जागरूकता लघु फिल्म डिजिटल अरेस्ट और 1930 महाराष्ट्र साइबर एंथम का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी के बाद शुरुआती समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। शिकायत जल्द दर्ज होने पर ठगी की रकम को रोकने या वापस प्राप्त करने की संभावना अधिक रहती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि साइबर अपराधी पुलिस, सीबीआई या न्यायाधीश के नाम का इस्तेमाल कर नागरिकों को डराने-धमकाने के साथ फर्जी कॉल, ओटीपी ठगी, पार्सल के नाम पर धोखाधड़ी और अन्य तरीकों से ठगी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी दबाव या डर में न आएं और तत्काल 1930 पर शिकायत करें। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए जनजागरूकता सबसे प्रभावी उपाय है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में आवाज की नकल, डीपफेक और फर्जी ऑडियो-वीडियो जैसी नई चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। इनके प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में महाराष्ट्र साइबर की ओर से प्रस्तावित साइबर सेफ ऐप और आशा कॉल बॉट परियोजना की जानकारी भी दी गई। मुख्यमंत्री ने साइबर जागरूकता अभियान में योगदान देने वाले कलाकारों को सम्मानित किया।

अनाथ और दिव्यांग बेटियों ने राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा को बांधी राखी

मुंबई@पदमावत मीडिया। रक्षाबंधन के अवसर पर अनाथ एवं दिव्यांग बेटियों, महिला सफाई कर्मचारियों, आशा सेविकाओं, स्वास्थ्य स्वयंसेविकाओं और आदिवासी महिलाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं ने लोकभवन मुंबई में राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा से मुलाकात कर उन्हें राखी बांधी। राज्यपाल ने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए उपहार भेंट किए। राज्यपाल ने कहा कि रक्षाबंधन समाज के सभी वर्गों को एकजुट करने वाला पवित्र पर्व है। विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली महिलाओं और बेटियों के साथ रक्षाबंधन मनाकर उन्हें खुशी हुई। दिवंगत सिंधुताई सपकाल द्वारा पुरंदर में शुरू किए गए ममता बाल सदन की अनाथ एवं जरूरतमंद बेटियों ने राज्यपाल को राखी बांधी। इसके अलावा बृहन्मुंबई महानगरपालिका के ठोस कचरा प्रबंधन विभाग की महिला कर्मचारियों, आशा सेविकाओं और स्वास्थ्य स्वयंसेविकाओं ने भी उन्हें राखी बांधी। पालघर की आदिवासी महिलाओं ने बांस से बनी पर्यावरण अनुकूल राखी राज्यपाल को बांधी। ब्रह्माकुमारी संस्था, आर्य समाज माटुंगा की छात्राओं तथा नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड की दृष्टिहीन बेटियों ने भी राज्यपाल को राखी बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं।

नेपाल-तिब्बत सीमा पर कुदरत का कहर, रसुवा में भीषण बाढ़ से तबाही; सैकड़ों लोग लापता

टिमुरे और स्याफ्रुबेसी में बाजार, सड़क, पुल व जलविद्युत परियोजनाएं प्रभावित; पुलिस चौकियों को भी नुकसान, सेना के हेलीकॉप्टरों से बचाव अभियान जारी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

काठमांडू/नेपाल। नेपाल के रसुवा जिले में बुधवार सुबह तिब्बत की ओर से अचानक आई भीषण बाढ़ ने बड़े पैमाने पर तबाही मचा दी। भोटेकोशी नदी में अचानक आए उफान ने नेपाल-चीन सीमा के निकट टिमुरे, स्याफ्रुबेसी और आसपास के इलाकों को अपनी चपेट में ले लिया। बाजार, मकान, सड़कें, पुल, सीमा शुल्क क्षेत्र और जलविद्युत परियोजनाओं सहित कई महत्वपूर्ण ढांचे क्षतिग्रस्त हुए हैं। प्रारंभिक सूचनाओं में कई लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि बड़ी संख्या में लोग लापता बताए जा रहे हैं। राहत एवं बचाव अभियान लगातार जारी है। बाढ़ का पानी इतनी तेजी से बढ़ा कि लोगों को संभलने का भी पर्याप्त मौका नहीं मिला। टिमुरे और आसपास के नदी किनारे बसे क्षेत्रों में कई घर और अन्य संरचनाएं बह गईं। नेपाल-चीन सीमा के निकट स्थित सीमा शुल्क क्षेत्र में खड़े वाहन और सामान भी तेज बहाव में बह गए। पिछले वर्ष बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए क्षेत्र में बनाया गया नया पुल भी इस बार के तेज बहाव को नहीं झेल सका और बह गया। बाढ़ की चपेट में नेपाल पुलिस के कई कार्यालय और चौकियां भी आई हैं। टिमुरे स्थित पुलिस कार्यालय, स्याफ्रुबेसी की पुलिस चौकी और रसुवागढ़ी क्षेत्र की पुलिस व्यवस्था को नुकसान पहुंचा है। कई सुरक्षा कर्मियों के लापता होने की सूचना के बाद उनकी तलाश की जा रही है। बाढ़ का असर रसुवा से आगे नुवाकोट और धादिंग तक पहुंच गया है। त्रिशूली नदी का जलस्तर बढ़ने से नदी किनारे बसे इलाकों में खतरा बढ़ गया है। प्रशासन ने रसुवा, नुवाकोट, धादिंग, गोरखा और चितवन के नदी किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क रहने तथा जोखिम वाले क्षेत्रों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है। 14 जलविद्युत परियोजनाएं प्रभावित अचानक आई बाढ़ से क्षेत्र की जलविद्युत परियोजनाओं को भी बड़ा नुकसान पहुंचा है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार 14 जलविद्युत परियोजनाएं प्रभावित हुई हैं, जिनमें नौ संचालित और पांच निर्माणाधीन परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं की कुल क्षमता करीब 748 मेगावाट बताई गई है। बिजली उत्पादन और उससे जुड़ी बुनियादी संरचनाओं पर भी इसका असर पड़ा है। बाढ़ का पानी तिब्बत की ओर से नेपाल में प्रवेश करने के बाद भोटेकोशी नदी में तेजी से बढ़ा। प्रारंभिक रिपोर्टों में तिब्बती क्षेत्र में भूस्खलन या किसी अन्य प्राकृतिक घटना के कारण अचानक पानी बढ़ने की आशंका जताई गई है। हालांकि बाढ़ के सटीक कारण की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। नेपाल के अधिकारियों ने भी घटना की वास्तविक वजह का पता लगाने के लिए जांच शुरू की है। हेलीकॉप्टरों से बचाव अभियान तेज स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नेपाल सेना, नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल की टीमें राहत एवं बचाव अभियान में जुटी हैं। नेपाली सेना के हेलीकॉप्टर प्रभावित क्षेत्रों में भेजे गए हैं। कई स्थानों पर सड़क संपर्क और अन्य रास्ते क्षतिग्रस्त होने के कारण हवाई बचाव अभियान महत्वपूर्ण हो गया है। कुछ प्रभावित क्षेत्रों में हेलीकॉप्टर उतारने के लिए सुरक्षित स्थान नहीं मिलने की समस्या भी सामने आई है। सरकार ने चिकित्सा व्यवस्था को भी सतर्क कर दिया है। प्रभावित इलाकों से घायलों को सुरक्षित निकालकर अस्पतालों तक पहुंचाने की तैयारी की गई है। स्वास्थ्य संस्थानों को संभावित रूप से बड़ी संख्या में घायलों के पहुंचने के मद्देनजर तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। बाढ़ की भयावह स्थिति को देखते हुए नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने आपात बैठक बुलाकर राहत एवं बचाव अभियान की समीक्षा की। सरकार ने सुरक्षा एजेंसियों और आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से राहत पहुंचाने तथा नदी किनारे के संवेदनशील इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने लोगों से नदी किनारे जाने से बचने, अफवाहों पर भरोसा नहीं करने और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर विश्वास करने की अपील की है। बाढ़ का पानी नीचे की ओर बढ़ने के कारण त्रिशूली नदी के किनारे बसे इलाकों में भी लगातार निगरानी रखी जा रही है। स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। अलग-अलग स्रोतों में मृतकों और लापता लोगों की संख्या में अंतर है। प्रभावित क्षेत्रों में संचार और सड़क संपर्क बाधित होने के कारण वास्तविक नुकसान का पूरा आकलन अभी नहीं हो पाया है। बचाव दल लगातार लोगों की तलाश में जुटे हैं और प्रशासन नुकसान तथा लापता लोगों से संबंधित विस्तृत जानकारी जुटा रहा है।

खबर संक्षिप्त

भीलवाड़ा में 9 और 11 सितंबर को मतदान, 14 सितंबर को मतगणना; संबंधित क्षेत्रों में सूखा दिवस

भीलवाड़ा@पदमावत मीडिया। नगर निगम एवं नगर पालिका आम चुनाव-2026 के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने जिले के संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सूखा दिवस घोषित किया है। प्रथम चरण में नगर निगम भीलवाड़ा और नगर पालिका बीगोद में 9 सितंबर को मतदान होगा। इन क्षेत्रों में 7 सितंबर शाम 6 बजे से 9 सितंबर शाम 6 बजे तक सूखा दिवस रहेगा। द्वितीय चरण में नगर पालिका आसींद, गुलाबपुरा, गंगापुर, हमीरगढ़, बनेड़ा, शाहपुरा, जहाजपुर, मांडलगढ़ और बिजौलिया में 11 सितंबर को मतदान होगा। इन क्षेत्रों में 9 सितंबर शाम 6 बजे से 11 सितंबर शाम 6 बजे तक सूखा दिवस लागू रहेगा। इसके अलावा 14 सितंबर को मतगणना दिवस पर नगर निगम भीलवाड़ा सहित संबंधित सभी नगर निकाय मुख्यालयों में सूखा दिवस रहेगा। पुनर्मतदान की स्थिति में पुनर्मतदान वाले दिन भी यह प्रतिबंध प्रभावी रहेगा।

त्रिवेणी हॉस्पिटल की छठी वर्षगांठ पर 56 यूनिट रक्तदान

- नाहर ब्लड बैंक के तत्वावधान में रक्तदान शिविर, निशुल्क ओपीडी सेवा का भी आयोजन

संवाददाता : माणकमल भंडारी

भीनमाल@पदमावत मीडिया। त्रिवेणी हॉस्पिटल की छठी वर्षगांठ पर अस्पताल में उत्साह का माहौल रहा। अस्पताल प्रशासन की ओर से मरीजों के लिए निशुल्क ओपीडी सेवा के साथ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। आयोजन के संबंध में हॉस्पिटल की सीएमडी टीना चौधरी ने बताया कि नाहर ब्लड बैंक व त्रिवेणी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में रक्तवीरों ने 56 यूनिट रक्तदान किया। इस दौरान स्त्री एवं प्रसूति, नाक-कान-गला व जनरल फिजिशियन विशेषज्ञों ने निशुल्क ओपीडी सेवाएं दीं। अहमदाबाद से आए हड्डी रोग विशेषज्ञ व न्यूरोसर्जन ने भी मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया। आयोजकों ने नाहर ब्लड बैंक के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

गणेश चतुर्थी मेले की तैयारियों को लेकर विकास समिति की बैठक सम्पन्न

संवाददाता : माणकमल भंडारी

भीनमाल@पदमावत मीडिया। स्थानीय सिद्धि विनायक मंदिर गणेश नाडी में गणेश चतुर्थी महोत्सव के भव्य आयोजन को लेकर मंदिर विकास समिति की जनरल बैठक मंदिर परिसर में अध्यक्ष हरीसिंह सोलंकी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 14 सितम्बर को आयोजित होने वाले विशाल गणेश चतुर्थी मेले की तैयारियों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। समिति के सचिव अमृतलाल डी. प्रजापत ने बताया कि इस वर्ष मेले को और अधिक भव्य रूप दिया जाएगा। बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णय के अनुसार पूरे मंदिर परिसर की भव्य साज-सज्जा एवं आकर्षक रोशनी से सजावट की जाएगी। मंदिर तक आने वाले दोनों मुख्य मार्गों पर बिजली एवं रोशनी की पूर्ण व्यवस्था की जाएगी, ताकि रात्रि में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। मंदिर व्यवस्था से संबंधित अलग-अलग कार्यों के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले में भीनमाल नगर सहित आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। बैठक में कोषाध्यक्ष पारसमल माली, उपाध्यक्ष जबरसिंह सोलंकी, डूंगरसिंह सोलंकी, कुलदीपसिंह एडवोकेट, किशनलाल कारपेंटर, श्याम खेतावत, रवि ठाकुर, भंवरलाल सोनी, नारायण माली, मानसिंह, निरंजन बोहरा, बसंत अग्रवाल, नरेन्द्र त्रिवेदी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चाकण-भोसरी में 2,320 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव, 49 एमएसएमई से समझौते

मुंबई@पदमावत मीडिया। चाकण-भोसरी औद्योगिक क्षेत्र में 49 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के साथ हुए समझौता ज्ञापनों के माध्यम से 2,320.97 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इससे उत्पादन क्षमता बढ़ने के साथ रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और पुणे क्षेत्र की औद्योगिक व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।.मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र बड़े उद्योगों के लिए आवश्यक कल-पुर्जे, सेवाएं और उत्पाद उपलब्ध कराने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पुणे और आसपास के वाहन एवं इंजीनियरिंग उद्योगों में भी एमएसएमई मजबूत आधार के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार एमएसएमई क्षेत्र के योजनाबद्ध विकास के लिए एमएसएमई गणना कराने जा रही है। इसके आधार पर उद्योगों की संख्या, रोजगार, उत्पादन क्षमता और आवश्यकताओं के अनुरूप प्रभावी नीतियां तैयार की जाएंगी। समझौता करने वाले उद्योगों को जमीन, बुनियादी सुविधाएं और अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए उद्योग विभाग एवं महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल तेजी से कार्य करेंगे। संबंधित उद्योगों ने एक से दो वर्ष में उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य रखा है। उद्योग मंत्री डॉ. उदय सामंत ने कहा कि चाकण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश की संभावना है और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से हल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उद्यमियों का महाराष्ट्र के निवेश वातावरण और राज्य सरकार पर पूरा भरोसा है।

जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर रहमानिया मस्जिद व अंगारशाह तकिया से निकला भव्य जुलूस

संवाददाता : माणकमल भंडारी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

भीनमाल। जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व अकीदत, भाईचारे और धार्मिक उत्साह के रंग में रंगा नजर आया। पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद की शान में पढ़ी गई नातों से शहर की फिजा गूंजती रही। सुबह रहमानिया मस्जिद और अंगारशाह तकिया से अलग-अलग जुलूस रवाना हुए। इनमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। हाथों में इस्लामी झंडे थामे लोग नात शरीफ पढ़ते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। जुलूस के दौरान पूरे मार्ग पर अकीदत और उत्साह का माहौल देखने को मिला। लोग पैगंबर हजरत मोहम्मद की शान में नात शरीफ पढ़ते हुए आगे बढ़ते रहे।

जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ नूरशाह पीर दरगाह स्थित कर्बला मैदान पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने जुलूस में शामिल होकर जश्ने ईद मिलादुन्नबी की खुशियां साझा कीं। जुलूस के समापन के बाद कर्बला मैदान में मिलाद शरीफ एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पीरे तरीकत सैय्यद मोहम्मद समसूदीन कादरी, सैय्यद मोहम्मद मुश्ताक कादरी पाटन और मौलाना कमालुद्दीन अकबरी गुजरात सहित कई उलेमा एवं नातख्वाह शामिल हुए। नातख्वाह शाहिद बेग और हनीफ रज्वी उदयपुर ने नात शरीफ पेश की। उलेमा ने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की जिंदगी, उनके आदर्शों और शिक्षाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने इंसानियत, मोहब्बत, भाईचारे और अमन का संदेश देते हुए समाज के लोगों से पैगंबर साहब की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। समारोह के दौरान शिक्षा, सामाजिक सेवा और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली समाज की 50 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

जश्ने ईद मिलादुन्नबी के आयोजन में करीब 7 हजार लोगों के लिए लंगर की व्यवस्था की गई। समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। कार्यक्रम में शहर काजी मौलाना समीर रजा अशफाकी, मौलाना नसीम, मौलाना नसीरुद्दीन सिद्दीकी, मौलाना नूर मोहम्मद, मौलाना कमालुद्दीन, मौलाना साजिद सिद्दीकी, मौलाना इस्लामुद्दीन सिकंदरी, मौलाना अनवर सिद्दीकी, मौलाना नसीरुद्दीन अकबरी और मौलाना समीर सिद्दीकी सहित कई उलेमा मौजूद रहे। इसके अलावा कोटवाल समाज प्रदेशाध्यक्ष हाजी सत्तार खाजी, मुस्लिम समाज अध्यक्ष मुस्ताक अली, पूर्व अध्यक्ष हाजी रशीद खान, साबिर शेख, पूर्व पार्षद ईकबाल खान, जाफर खान, एडवोकेट रुस्तम खान, जाकिर हुसैन, फियाज खान सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

नगर निकाय चुनावों में विप्र समाज को समुचित प्रतिनिधित्व मिले, विप्र फाउंडेशन ने भाजपा व कांग्रेस नेतृत्व को सौंपे ज्ञापन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

संवाददाता : माणकमल भंडारी

भीनमाल। नगर निकाय चुनावों के मद्देनजर विप्र फाउंडेशन जालोर ने विप्र समाज के योग्य एवं सक्रिय प्रतिनिधियों को लोकतांत्रिक एवं राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिलाने की दिशा में पहल करते हुए जिले के प्रमुख राजनीतिक नेतृत्व से संपर्क कर ज्ञापन सौंपे। इसी क्रम में विप्र फाउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित से भेंट कर ज्ञापन सौंपा तथा जिले की नगर परिषदों एवं नगरपालिकाओं में सामान्य श्रेणी की पार्षद सीटों पर योग्य, कर्मठ, सामाजिक रूप से सक्रिय एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों को अधिकाधिक संख्या में पार्टी प्रत्याशी बनाए जाने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस के प्रभारी छोटूसिंह पंवार एवं विधायक डॉ. समरजीतसिंह राठौड़ से भी मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने कांग्रेस नेतृत्व से भी आग्रह किया कि सामान्य श्रेणी की सीटों पर योग्य एवं जनाधार रखने वाले विप्र समाज के समर्पित कार्यकर्ताओं को पर्याप्त अवसर एवं सम्मानजनक प्रतिनिधित्व प्रदान किया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने राजनीतिक नेतृत्व के समक्ष यह भी अपेक्षा व्यक्त की कि प्रत्याशी चयन में योग्यता, जनसेवा, सामाजिक सरोकार, संगठनात्मक निष्ठा, स्वच्छ छवि एवं जनस्वीकार्यता जैसे मानकों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि नगर निकायों में सक्षम एवं समर्पित जनप्रतिनिधियों का चयन हो सके। विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दिनेश दवे ने कहा कि लोकतंत्र में प्रतिनिधित्व केवल राजनीतिक अवसर नहीं, बल्कि समाज की प्रतिभा, क्षमता और सेवा-भाव को जनसेवा के व्यापक मंच से जोड़ने का माध्यम है। विप्र फाउंडेशन का उद्देश्य प्रत्येक राजनीतिक विचारधारा के नेतृत्व के समक्ष समाज की भावना को सम्मानपूर्वक रखना और योग्य प्रतिनिधित्व के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करना है। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन जिला उपाध्यक्ष मानाराम राजपुरोहित एवं कालुराम सहित प्रतिनिधिमंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

पुलिस थाना कांकरोली की बड़ी कार्रवाई: दिन में मकान-दुकान की रेकी, रात में चोरी करने वाली अंतरराज्यीय गैंग का पर्दाफाश, 3 गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

राजसमंद। जिले के पुलिस थाना कांकरोली ने दिन के समय मकान एवं दुकानों की रेकी कर रात में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाली अंतरराज्यीय गैंग का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कांकरोली के अलावा भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ और दिल्ली में चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया है। मामले में दो आरोपी अभी वांछित हैं। पुलिस के अनुसार 9 अगस्त 2026 को गोविंद नगर हाउसिंग बोर्ड, कांकरोली निवासी मानसिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दोपहर करीब 12 बजे से 2 बजे के बीच परिवार के सभी सदस्य घर से बाहर गए थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाश मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में घुसा और सोने का हार, झुमके, बाली, मंगलसूत्र सहित करीब 13 तोला सोने के आभूषण तथा करीब दो लाख रुपये नकद चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 201/2026 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र पारीक एवं वृत्ताधिकारी नरेन्द्रपाल सिंह के मार्गदर्शन में थानाधिकारी कांकरोली सरोज बैरवा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल एवं संभावित मार्गों पर लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके बाद भीलवाड़ा, गंगापुर, रेलमगरा सहित अन्य स्थानों पर संदिग्धों की तलाश में दबिश दी गई। पुलिस टीम ने उमराव लोहार, बाबूलाल शर्मा एवं सावंरमल उर्फ कनिया बागरिया को दस्तयाब कर गहन पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर कांकरोली, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ एवं दिल्ली में चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया। इसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया।.गिरफ्तार आरोपी उमराव लोहार पुत्र लादूलाल, उम्र 55 वर्ष, निवासी कोटिया, थाना फुलिया कलां, जिला भीलवाड़ा, हाल रेलवे फाटक के पास, विजयनगर, जिला ब्यावर; बाबूलाल पुत्र मिश्रीलाल शर्मा, उम्र 55 वर्ष, निवासी वाटर बॉक्स के पास, विजयनगर, जिला ब्यावर तथा सावंरमल उर्फ कनिया पुत्र बद्रीलाल बागरिया, उम्र 27 वर्ष, निवासी कोटिया, थाना फुलिया कलां, जिला भीलवाड़ा हैं। मामले में सत्यनारायण पुत्र किशनलाल बागरिया, उम्र 25 वर्ष, निवासी सूरजपुरा, थाना सरवाड़, जिला अजमेर तथा रामचरण पुत्र रामलाल बागरिया, उम्र 24 वर्ष, निवासी भाटोला, थाना सरवाड़, जिला अजमेर वांछित हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है।

पुलिस जांच में गिरफ्तार आरोपी उमराव लोहार का विभिन्न जिलों एवं दिल्ली के थाना क्षेत्रों में चोरी सहित अन्य मामलों का आपराधिक रिकॉर्ड सामने आया है। वहीं सावंरमल उर्फ सावरा उर्फ डिप्टी उर्फ कनिया बागरिया के खिलाफ भी अजमेर, जयपुर, भीलवाड़ा एवं उदयपुर सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में कई प्रकरण दर्ज होना सामने आया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है, जिसमें अन्य चोरी की वारदातों और गिरोह से जुड़े लोगों के संबंध में महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी सरोज बैरवा, सहायक उप निरीक्षक भैरूलाल, हेड कांस्टेबल विक्रम सिंह, कांस्टेबल महेंद्र, मुलचंद, संपत, सुरेश एवं सुरेन्द्र तथा साइबर सेल से सहायक उप निरीक्षक शंभूप्रताप, कांस्टेबल इंद्र चौयल, ओमप्रकाश एवं बुधराम शामिल थे।

नेपाल में बाढ़ हादसे पर पवन जैन पदमावत ने जताया गहरा दुख

दिवंगतों को श्रद्धांजलि, शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना; घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

मुंबई। नेपाल में बाढ़ के कारण हुए हादसे में जनहानि की खबर से दुखी एंटी करप्शन एंड क्राइम कंट्रोल कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मीडिया सेल पवन जैन पदमावत ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। पवन जैन पदमावत ने कहा कि नेपाल में बाढ़ के कारण हुआ यह हादसा बेहद दुखद है। इस त्रासदी में अपने परिजनों को खोने वाले परिवारों के दर्द को शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें इस कठिन समय को सहन करने की शक्ति मिले। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए कहा कि जिन परिवारों ने इस हादसे में अपनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना व्यक्त करना हम सभी का मानवीय दायित्व है। प्राकृतिक आपदा के ऐसे समय में एक-दूसरे के साथ खड़े रहना ही इंसानियत की सबसे बड़ी पहचान है। पवन जैन पदमावत ने हादसे में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि घायलों को जल्द से जल्द उचित उपचार मिले और वे स्वस्थ होकर अपने परिवारों के बीच लौटें, यही उनकी कामना है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा की खबर केवल एक समाचार नहीं होती, बल्कि उसके पीछे कई परिवारों का दर्द और अपनों को खोने का दुख जुड़ा होता है। ऐसे समय में संवेदना, सहयोग और मानवीय भावना को सबसे अधिक महत्व दिया जाना चाहिए। पवन जैन पदमावत ने नेपाल के बाढ़ प्रभावित सभी लोगों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा को शांति प्रदान करने, घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ देने तथा प्रभावित परिवारों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

गोवा में अपराध पर पुलिस की सख्ती, नशीली गोलियों से लेकर धोखाधड़ी और चोरी तक मामले दर्ज

पणजी@पदमावत मीडिया। गोवा पुलिस की ओर से 25 अगस्त की शाम से 26 अगस्त की शाम तक दर्ज दैनिक अपराध विवरण में उत्तर और दक्षिण गोवा के विभिन्न थाना क्षेत्रों में नौ आपराधिक मामले सामने आए। इनमें नशीली गोलियों की बरामदगी, मारपीट, सड़क दुर्घटना, चोरी, धोखाधड़ी, अपहरण और धमकी के मामले शामिल हैं। अंजुना पुलिस ने नशीली दवाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सिओलिम के मार्ना वाडो स्थित फुटबॉल मैदान के पास 58 वर्षीय ब्रिटेन निवासी जॉन हेपवर्थ को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 1.85 ग्राम वजन की चार संदिग्ध एक्स्टेसी गोलियां बरामद हुईं, जिनकी अनुमानित कीमत 40 हजार रुपए बताई गई है। पणजी में सड़क दुर्घटना और चोरी के मामले दर्ज हुए। केटीसी बस स्टैंड चौराहे पर बस की टक्कर से 21 वर्षीय युवक घायल हो गया। वहीं सेंट इनेज स्थित मकान से सोने-चांदी के आभूषण सहित अन्य सामान चोरी होने की शिकायत दर्ज की गई। पुराना गोवा थाना क्षेत्र में सौर पैनल लगाने के नाम पर 3.60 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया। वेरना में युवक के अपहरण तथा होटल के कमरे से करीब चार लाख रुपए के सोने के आभूषण चोरी होने के मामले दर्ज किए गए। कनाकोना में चाकू से हमला और धमकी तथा पोंडा में लापरवाही से वाहन चलाने के कारण सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज किया गया। अंजुना में कारोबारी विवाद को लेकर मारपीट का प्रकरण भी दर्ज हुआ। पुलिस ने सभी मामलों में जांच शुरू कर दी है। दैनिक विवरण में कैलंगुट और वास्को थाना क्षेत्रों में दो अस्वाभाविक मृत्यु के मामले भी दर्ज किए गए हैं। दोनों मामलों में पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

लद्दाख में एएनटीएफ की कार्रवाई, कोकीन-एमडीएमए जैसे मादक पदार्थ के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

लेह@पदमावत मीडिया। लद्दाख एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति के कब्जे से कोकीन/एमडीएमए जैसा मादक पदार्थ बरामद किया है। मामले में हिमाचल प्रदेश के मंडी निवासी सेवा दास को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी हवाई मार्ग से मादक पदार्थ की आपूर्ति करने के उद्देश्य से लद्दाख पहुंचा था। एएनटीएफ लद्दाख को विश्वसनीय सूचना मिलने के बाद संबंधित क्षेत्र में लक्षित कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी सेवा दास के कब्जे से मध्यम मात्रा में कोकीन/एमडीएमए जैसा पदार्थ बरामद किया गया। इसके बाद आरोपी के खिलाफ एएनटीएफ थाना लद्दाख में एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी संख्या 12/2026 दर्ज की गई। पुलिस अब मामले की आगे जांच कर रही है। जांच के दौरान बरामद मादक पदार्थ के स्रोत, इसे कहां पहुंचाया जाना था तथा इससे जुड़े अन्य लोगों और तस्करी नेटवर्क का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। एएनटीएफ लद्दाख ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े नेटवर्क की पहचान कर उन्हें समाप्त करने तथा मादक एवं मनःप्रभावी पदार्थों को आम लोगों, विशेषकर युवाओं तक पहुंचने से रोकने के लिए कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

मुंबई में 10 किलो चरस जब्ती के मामले में बिहार से आरोपी गिरफ्तार, नेपाल भागने की तैयारी में था

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

मुंबई। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के मादक पदार्थ विरोधी कक्ष की वरली इकाई ने चरस की बड़ी बरामदगी के मामले में बिहार से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 17 अगस्त को बांद्रा टर्मिनस के पास बांद्रा पूर्व क्षेत्र से करीब 10 किलो 10 ग्राम चरस जब्त की थी, जिसकी अनुमानित कीमत 10 करोड़ 1 लाख रुपये बताई गई थी। मामले की आगे की जांच में गिरफ्तार आरोपी ने चरस की आपूर्ति करने वाले व्यक्ति के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी, जिसके आधार पर पुलिस टीम बिहार भेजी गई।

पुलिस के अनुसार 17 अगस्त 2026 को मादक पदार्थ विरोधी कक्ष, वरली इकाई की टीम ने बांद्रा टर्मिनस के पास एक व्यक्ति से 10 किलो 10 ग्राम वजन का चरस नामक मादक पदार्थ जब्त किया था। जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 10 करोड़ 1 लाख रुपये बताई गई है। इस संबंध में निर्मलनगर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया था।

मामले की आगे की जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने चरस की आपूर्ति करने वाले व्यक्ति के बारे में जानकारी दी। इसके बाद मादक पदार्थ विरोधी कक्ष की वरली इकाई के प्रभारी पुलिस निरीक्षक संतोष सालुंखे के नेतृत्व में सहायक पुलिस निरीक्षक किरण वाघ, पुलिस उपनिरीक्षक रोहित साळी तथा पुलिस दल को आरोपी की तलाश के लिए बिहार भेजा गया।

पुलिस टीम ने स्थानीय पुलिस की सहायता से बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी क्षेत्र में कार्रवाई की। 23 अगस्त 2026 को आरोपी को रक्सौल में उस समय पकड़ लिया गया, जब वह नेपाल भागने की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर मुंबई लाया और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू की।

यह कार्रवाई मुंबई पुलिस आयुक्त देवेन भारती, पुलिस सह आयुक्त अनिल कुंभारे, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कृष्णकांत उपाध्याय, पुलिस उपायुक्त पौर्णिमा चौगुले-श्रृंगी तथा सहायक पुलिस आयुक्त सुधीर हिरडेकर के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई में मादक पदार्थ विरोधी कक्ष, वरली इकाई के प्रभारी पुलिस निरीक्षक संतोष सालुंखे, सहायक पुलिस निरीक्षक किरण वाघ, पुलिस उपनिरीक्षक रोहित साळी और पुलिस दल शामिल रहा। पुलिस की इस कार्रवाई से करीब 10 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में एक महत्वपूर्ण कड़ी सामने आई है।

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

संवाददाता : माणकमल भंडारी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

भीनमाल। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी की ओर से स्थानीय धर्मशाला में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। इस दौरान आगामी चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियों, चुनावी रणनीति एवं बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा और विचार-विमर्श किया गया।
सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव संगठन के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और कार्यकर्ताओं की सक्रियता, समर्पण एवं परिश्रम के आधार पर ही चुनाव में सफलता सुनिश्चित होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय व एकजुटता के साथ प्रत्येक बूथ तक संगठन को मजबूत करने तथा भाजपा की जनहितैषी नीतियों और सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया।
जिलाध्यक्ष राजपुरोहित ने कहा कि भाजपा सरकार जनहितैषी नीतियों, सुशासन एवं सर्वांगीण विकास की विचारधारा के साथ प्रदेश को विकास की नई दिशा प्रदान कर रही है। सरकार की योजनाओं तथा विकास कार्यों का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की मजबूत रणनीति के बल पर भाजपा आगामी नगरीय निकाय चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करेगी।
निकाय चुनाव प्रभारी महेश चौहान ने कहा कि चुनाव में धरातल से जुड़े कार्यकर्ताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। कार्यकर्ता ही संगठन की नीतियों एवं विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आगामी चुनाव को लक्ष्य बनाकर पूरी सक्रियता और समर्पण के साथ कार्य करने तथा प्रत्येक वार्ड एवं बूथ पर प्रभावी संपर्क स्थापित करने का आह्वान किया।
पूर्व विधायक पूराराम चौधरी ने कहा कि संगठन की रीति-नीति और निर्देशों के अनुरूप समर्पित एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देते हुए चुनाव की तैयारियों को आगे बढ़ाया जाएगा।
सम्मेलन के दौरान आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों, संगठनात्मक मजबूती, वार्ड एवं बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता, जनसंपर्क अभियान, चुनावी रणनीति तथा भाजपा के पक्ष में अधिकाधिक मतदान सुनिश्चित करने सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए तथा चुनाव को लेकर आवश्यक रणनीति पर सार्थक विचार-विमर्श किया।
इस अवसर पर स्वामी दिव्य स्वरूपदास महाराज, भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, पूर्व विधायक पूराराम चौधरी, निकाय चुनाव प्रभारी महेश चौहान, विधानसभा प्रभारी मंगलसिंह सिराणा, सह प्रभारी गणपतसिंह, जिला उपाध्यक्ष हीरालाल सारस्वत, केहराराम चौधरी, जिला मंत्री भरतसिंह भोजाणी, महेंद्र सोलंकी, नगर मंडल अध्यक्ष प्रवीण दवे सहित नगर मंडल के पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खबर संक्षिप्त

नाथद्वारा में 100 विद्यार्थियों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

राजसमंद@पदमावत मीडिया। नशामुक्त भारत अभियान के तहत राजसमंद पुलिस ने नाथद्वारा की नई हवेली स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। कार्यक्रम में करीब 100 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया। नाथद्वारा वृत्ताधिकारी शिप्रा राजावत और श्रीनाथजी मंदिर थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक नुकसान के बारे में बताया। इस दौरान पुलिस की ओर से नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित लघु फिल्म 'सिकंजा' भी दिखाई गई। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा परिवार और आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

पांच दिवसीय कार्यसप्ताह सहित मांगों को लेकर कल बैंककर्मियों का प्रदर्शन

उदयपुर@पदमावत मीडिया। पांच दिवसीय कार्यसप्ताह लागू करने सहित विभिन्न लंबित मांगों को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर 27 अगस्त को देशव्यापी धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उदयपुर में बैंककर्मी शाम 5.15 बजे पंजाब नेशनल बैंक की टाउन हॉल रोड शाखा के बाहर प्रदर्शन करेंगे। फोरम की प्रमुख मांगों में पांच दिवसीय कार्यसप्ताह लागू करना, एकतरफा एवं भेदभावपूर्ण पीएलआई को वापस लेकर उसके क्रियान्वयन को स्थगित करना तथा यूनियनों के साथ द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से इसमें संशोधन करना शामिल है। फोरम के संयोजक डीके जैन ने कहा कि सरकार बैंककर्मियों की मांगों के प्रति नकारात्मक रवैया अपना रही है। उन्होंने कहा कि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो सितंबर में हड़ताल तथा अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल का रास्ता अपनाया जा सकता है।

नगर निकाय चुनाव को लेकर एसडीएम ओम प्रभा ने ली बैठक

- मतदान दलों के आवागमन, सामग्री वितरण और ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम की व्यवस्थाएं समयबद्ध पूरी करने के निर्देश

राजसमंद@पदमावत मीडिया। नगर निकाय आम चुनाव-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने को लेकर बुधवार को उपखंड अधिकारी ओम प्रभा की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा कर उन्हें समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने मतदान दलों के रवाना होने एवं संग्रहण स्थल, मतदान एवं निर्वाचन सामग्री के वितरण और संग्रहण की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने केंद्रों पर बिजली, पेयजल सहित आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में ईवीएम की कमिशनिंग तथा संग्रहण के लिए स्ट्रॉन्ग रूम की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। एसडीएम ने स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएसपी नेत्रपाल सिंह, तहसीलदार पुष्पेंद्र सिंह, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता हीरालाल सालवी, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिशासी अभियंता दीपक सिंघल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

नगर निकाय चुनाव को लेकर मतदान दलों का रेंडमाइजेशन संपन्न

राजसमंद@पदमावत मीडिया। नगर निकाय आम चुनाव-2026 को लेकर प्रथम एवं द्वितीय चरण के मतदान दलों का रेंडमाइजेशन बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार हसीजा की अध्यक्षता में एनआईसी वीसी कक्ष में संपन्न हुआ। रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया निर्धारित प्रावधानों के अनुसार पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से पूरी की गई। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार कस्वा सहित निर्वाचन शाखा के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

जीतो उदयपुर चैप्टर को मिला 'सर्वश्रेष्ठ स्थापित चैप्टर अवार्ड'

सामाजिक, शैक्षणिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान

पदमावत मीडिया

उदयपुर। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन (जीतो) उदयपुर चैप्टर को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्यों एवं समाजहित में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'सर्वश्रेष्ठ स्थापित चैप्टर अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान जीतो राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय भंडारी, मुख्य सचिव ललित डांगी, बॉलीवुड अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना एवं राष्ट्रीय सचिव महावीर चपलोत ने प्रदान किया। चैप्टर की ओर से उपाध्यक्ष श्याम नागौरी एवं सचिव सुधीर चित्तौड़ा ने पुरस्कार ग्रहण किया।
जीतो चेयरमैन यशवन्त आंचलिया ने बताया कि वर्ष 2024-26 के दौरान उदयपुर चैप्टर द्वारा किए गए निरंतर एवं प्रभावी कार्यों के आधार पर यह सम्मान मिला। इस अवधि में चैप्टर ने सामाजिक, शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं सेवा क्षेत्र में अनेक उल्लेखनीय गतिविधियों और परियोजनाओं का सफल आयोजन किया। चैप्टर की ओर से समाज के बच्चों के लिए जीतो हॉस्टल की घोषणा, विभिन्न प्रकल्पों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जीतो हाउस का निर्माण, विश्व नवकार महामंत्र दिवस का हजारों लोगों की उपस्थिति में विशाल प्रांगण एवं स्कूलों में आयोजन, शिक्षा संवर्धन तथा व्यवसायिक एवं सामाजिक गतिविधियों सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सदस्यों के लिए भी ज्ञानवर्धक, व्यावसायिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।
मुख्य सचिव अभिषेक संचेती ने बताया कि पिछले दो वर्षों में जीतो उदयपुर की सदस्यता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई। सदस्यों की संख्या 470 से बढ़कर 661, यूथ विंग की सदस्य संख्या 238 से बढ़कर 314 तथा लेडीज विंग की सदस्य संख्या 200 से बढ़कर 342 हो गई। उन्होंने इसे चैप्टर की सक्रियता, प्रभावी नेतृत्व एवं सदस्यों के बढ़ते विश्वास का परिणाम बताया। इस उपलब्धि पर कोषाध्यक्ष प्रतीक हिंगड़, लेडीज विंग अध्यक्षा अंजलि सुराणा, सचिव ऋतु मारू, यूथ विंग अध्यक्ष दिव्यद दोशी, सचिव विनय कोठारी सहित पदाधिकारियों, बोर्ड सदस्यों, यूथ विंग, लेडीज विंग एवं समस्त जीतो सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की। सभी ने इसे पूरे चैप्टर की सामूहिक उपलब्धि बताया।
जीतो एडवाइजर शांति लाल मारू, राजकुमार फत्तावत, राज सुराणा एवं नरेंद्र सिंघवी ने कहा कि यह सम्मान जीतो उदयपुर के प्रत्येक सदस्य की मेहनत, सहभागिता एवं टीम भावना का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भविष्य में सेवा, शिक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण एवं सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में जीतो उदयपुर को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।

अनजाने में पापकर्मों से बचने के लिए जीवदया और अहिंसा जरूरी : साध्वी वसुधा

उदयपुर@पदमावत मीडिया। दूधिया गणेश जी स्थित श्री वर्धमान पुष्कर गुरु ध्यान केंद्र के गुरु पुष्कर प्रवचन सभागार में बुधवार को आयोजित दैनिक प्रवचन में तप रत्नेश्वरी साध्वी वसुधा म.सा. ने धर्म, अहिंसा और जीवदया के महत्व पर प्रकाश डाला। साध्वी वसुधा म.सा. ने कहा कि मनुष्य अनजाने में भी अनेक पापकर्मों का भागीदार बन जाता है। सूक्ष्म जीवों के प्रति करुणा और अहिंसा का भाव रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक कार्य में जीवदया और अहिंसा की भावना रखना भी धर्म का महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने पापकर्मों से बचने के लिए जप और तप को जीवन का हिस्सा बनाने तथा तपस्या करने वालों का सहयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर साध्वी वसुधा म.सा. एवं साध्वी डॉ. वारिधि म.सा. ने भजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में वर्षा राजेश छाजेड के 28 उपवास की अनुमोदना की गई। बताया गया कि 30 अगस्त को उनके 32 उपवास पूर्ण होने पर मासखमण की आराधना संपन्न होगी।

29 अगस्त को 24 घंटे अखंड नवकार महामंत्र जाप

चंदन मुनि म.सा. के 29वें पुण्य स्मरण दिवस पर 29 अगस्त को गुरु पुष्कर प्रवचन सभागार में 24 घंटे अखंड नवकार महामंत्र जाप का आयोजन होगा। कार्यक्रम के लाभार्थी प्रवीण पोरवाल परिवार रहेगा।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की संतृप्ति 30 अगस्त तक पूरी करने के निर्देश

डूंगरपुर@पदमावत मीडिया। जिला कलेक्टर देशलदान की अध्यक्षता में बुधवार को जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही की बैंकिंग गतिविधियों और जिले के विकास से जुड़े लक्ष्यों की समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने सभी बैंकर्स को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की संतृप्ति का कार्य निर्धारित समय सीमा में 30 अगस्त तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति पर भी जोर दिया। बैठक में वार्षिक साख योजना पुस्तक का विमोचन किया गया, जिसमें जिले के लिए 4,680 करोड़ रुपए का वार्षिक साख योजना लक्ष्य प्रस्तावित है। इसमें 2,782 करोड़ रुपए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए निर्धारित किए गए हैं। जिला कलेक्टर ने दुर्घटना में मृत्यु होने पर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत ग्राम करौली निवासी जिग्नेश हरात की नॉमिनी सरिता हरात तथा ग्राम बलवारा निवासी चेतनलाल बरंडा की नॉमिनी अट्टू बरंडा को दो-दो लाख रुपए के चेक प्रदान किए। उन्होंने बैंकर्स से अधिक से अधिक नागरिकों को सुरक्षा बीमा योजनाओं से जोड़ने की अपील की, ताकि विपरीत परिस्थितियों में प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता मिल सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हनुमान सिंह राठौड़, जिला पंचायत एसीईओ रेखा गौर, अग्रणी जिला प्रबंधक विजय कश्यप सहित विभिन्न बैंकों एवं विभागों के अधिकारी और शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

पुलिस थाना राजनगर की बड़ी कार्रवाई: आयकर अधिकारी बनकर करोड़ों का सौदा करने का झांसा देकर ठगी करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

राजसमंद। जिले के पुलिस थाना राजनगर पुलिस ने आयकर अधिकारी बनकर होटल खरीदने का झांसा देकर ठगी करने वाले मुख्य आरोपी को वारदात के महज चार घंटे में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी की गई 50 हजार रुपये नकद राशि, करीब 4 तोला सोने की तीन चेन तथा वारदात में प्रयुक्त कार बरामद की है। बरामद माल की अनुमानित कीमत करीब 8.50 लाख रुपये बताई गई है।
पुलिस के अनुसार 24 अगस्त 2026 को बडारड़ा निवासी वेणीराम कुमावत ने रिपोर्ट दी कि पिछले तीन-चार दिनों से एक व्यक्ति जितेन्द्र शाह के नाम से उसके होटल पर आ रहा था और खुद को आयकर विभाग का अधिकारी बता रहा था। आरोपी ने होटल खरीदने अथवा साझेदारी में लेने की बात कही। 24 अगस्त को आरोपी कार से होटल पहुंचा और पत्नी के जन्मदिन एवं शुभ मुहूर्त का हवाला देकर होटल संचालक से 500 रुपये के नोटों की एक गड्डी तथा तीन सोने की चेन यह कहकर ले गया कि पत्नी के आने पर भुगतान कर देगा। विश्वास में आकर होटल संचालक ने उसे 50 हजार रुपये नकद तथा करीब 40 ग्राम वजन की तीन सोने की चेन दे दीं। इसके बाद आरोपी कार लेकर फरार हो गया और मोबाइल फोन बंद कर लिया।
सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक राजसमंद हेमन्त कलाल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पारीक एवं वृत्ताधिकारी राजसमंद नेत्रपाल सिंह के सुपरविजन में पुलिस थाना राजनगर की विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने तत्काल रेंज स्तरीय नाकाबंदी करवाई और तकनीकी सहायता से आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने पीछा करते हुए पुलिस थाना खेरवाड़ा की टीम के विशेष सहयोग से आरोपी को मोथली चौराहे पर नाकाबंदी के दौरान डिटेन कर लिया। गिरफ्तार आरोपी अतित शाह पुत्र जितेन्द्र शाह, जाति जैन, उम्र 47 वर्ष, निवासी ए-103 सुकून, वंदेमातरम क्रॉस रोड, सरखेज-गांधीनगर हाईवे, गोता, पुलिस थाना शोला, अहमदाबाद, गुजरात से पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से ठगी की गई तीन सोने की चेन, 50 हजार रुपये नकद तथा वारदात में प्रयुक्त वाहन बरामद किया गया। बरामद माल की कुल कीमत करीब 8.50 लाख रुपये है। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध अन्य थानों में भी प्रकरण दर्ज हैं। मामले में शामिल अन्य व्यक्ति के संबंध में आरोपी से पूछताछ एवं अग्रिम अनुसंधान जारी है। इस कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक ओंकार सिंह, सहायक उप निरीक्षक भंवर सिंह, कांस्टेबल चेतन कुमार, मनोज कुमार एवं अमित कुमार तथा विशेष सहयोग में पुलिस निरीक्षक मनमत आड़ा, थानाधिकारी खेरवाड़ा मय टीम शामिल थे।

पीएमसीएच के डॉ. आमिर शौकत को इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी में प्रतिष्ठित फेलोशिप

उदयपुर@पदमावत मीडिया। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के चेस्ट एवं टीबी रोग विभाग में पल्मोनरी, क्रिटिकल केयर एवं स्लीप मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. आमिर शौकत को इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी में प्रतिष्ठित फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। यह फेलोशिप नई दिल्ली के मेट्रो सेंटर ऑफ रेस्पिरेटरी डिजीज द्वारा प्रदान की गई। फेलोशिप नई दिल्ली के एयरोसिटी स्थित होटल अंदाज में आयोजित पीएसीएस-2026 सम्मेलन के दौरान प्रदान की गई। सम्मेलन में देश-विदेश के 1,000 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सकों ने भाग लिया। डॉ. शौकत ने यह प्रशिक्षण प्रख्यात पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. दीपक तलवार के मार्गदर्शन में पूरा किया। फेलोशिप के दौरान उन्होंने गंभीर अस्थमा, जटिल फेफड़ों की बीमारियों तथा आधुनिक निदान एवं उपचार संबंधी पल्मोनरी तकनीकों में विशेषज्ञता हासिल की। डॉ. आमिर शौकत की इस उपलब्धि पर पीएमसीएच प्रबंधन, चिकित्सकों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी।

अंतरराज्यीय स्मैक तस्करी सिंडिकेट का भंडाफोड़, 3 करोड़ की स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

जयपुर। सवाई माधोपुर पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय स्मैक तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है। रवांजना डूंगर थाना पुलिस ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर कुस्तला टोल प्लाजा के पास स्मैक के आदान-प्रदान के दौरान दो तस्करों को 153.34 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 3 करोड़ रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक सवाई माधोपुर ज्येष्ठा मैत्रेयी के निर्देश पर थानाधिकारी रवांजना डूंगर श्यामसुंदर के नेतृत्व में जयपुर रेंज साइबर सेल की सूचना पर यह कार्रवाई की गई।

एक्सप्रेसवे पर आमने-सामने खड़ी मिलीं दोनों गाड़ियां

पुलिस को सूचना मिली थी कि कोटा की तरफ से एक पिकअप दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे होते हुए कुस्तला टोल प्लाजा की ओर आ रही है, जिसमें मादक पदार्थ होने की संभावना है। इसी मादक पदार्थ को लेने के लिए लालसोट की तरफ से एक स्विफ्ट डिजायर कार आने और दोनों वाहनों के बीच एक्सप्रेसवे पर ही मादक पदार्थ का आदान-प्रदान होने की सूचना थी।
सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो स्विफ्ट डिजायर कार और पिकअप आमने-सामने खड़ी मिलीं। कार में सुभाष गुर्जर निवासी खोयली, थाना गढ़मोरा, जिला करौली हाल दौसा तथा पिकअप में रामनिवास मीना निवासी खेड़ी, थाना छीपाबड़ौद, जिला बारां बैठे मिले। दोनों वाहनों एवं आरोपियों की नियमानुसार तलाशी लेने पर सुभाष गुर्जर की कार में खाकी रंग की टेप में पैक 153.34 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई।

सवाई माधोपुर से एनसीआर तक सप्लाई का खुलासा

प्रारंभिक पूछताछ में सुभाष गुर्जर ने स्मैक रामनिवास मीना से लेना बताया। दोनों आरोपियों ने पूछताछ में काफी समय से स्मैक की तस्करी करने तथा इसे सवाई माधोपुर, करौली, दौसा, जयपुर एवं एनसीआर सहित विभिन्न क्षेत्रों में सप्लाई करने की बात बताई है। वहां खरीदार इसे आगे छोटे स्तर पर बेचकर मुनाफा कमाते थे।

नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश

पुलिस अब दोनों आरोपियों से पूछताछ कर तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य सदस्यों, सप्लायर और खरीदारों के बारे में जानकारी जुटा रही है।
इस कार्रवाई में रवांजना डूंगर थाना पुलिस, डीएसटी सवाई माधोपुर और जयपुर रेंज साइबर सेल के एएसआई रतनदीप, हेड कांस्टेबल राकेश, रोशन और जितेन्द्र कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

चुनाव प्रशिक्षण में 784 पीआरओ और 815 पीओ प्रथम रहे उपस्थित

अनुपस्थित कार्मिकों के खिलाफ होगी नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई : जिला निर्वाचन अधिकारी

जयपुर@पदमावत मीडिया। नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के लिए नियुक्त मतदान दलों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण बुधवार से शुरू हुआ। जयपुर शहर में चार और ग्रामीण क्षेत्र में 10 स्थानों पर आयोजित प्रशिक्षण में मतदान कार्मिकों को निर्वाचन प्रक्रिया, मतदान कार्य एवं विभिन्न प्रपत्रों के संधारण की जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर जयपुर संदेश नायक ने शहर के प्रशिक्षण स्थलों का जायजा लिया और कार्मिकों को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश देते हुए कहा कि अनुपस्थिति पर नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशिक्षण में पीआरओ तथा पीओ के दायित्वों के साथ बैलेट, टेंडर वोट, सीलिंग, डाक मतपत्र, मॉक पोल, पीआरओ डायरी सहित विभिन्न प्रपत्रों की जानकारी दी गई। ईवीएम की कार्यप्रणाली और मतदान प्रक्रिया का लाइव प्रदर्शन भी किया गया। प्रथम दिवस प्रशिक्षण में 784 पीआरओ और 815 पीओ प्रथम उपस्थित रहे। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर तृतीय एवं प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी देवयानी सहित मास्टर ट्रेनर्स मौजूद रहे।

मीरा गर्ल्स कॉलेज में बी.कॉम (बीएफएसआई) में प्रवेश शुरू, अंतिम तिथि 3 सितंबर

उदयपुर@पदमावत मीडिया। राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयपुर में बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा (बीएफएसआई) में बी.कॉम पाठ्यक्रम के सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 3 सितंबर निर्धारित की गई है। प्राचार्य अंजना गौतम ने बताया कि छह सेमेस्टर के इस पाठ्यक्रम में चार सेमेस्टर अध्ययन तथा अंतिम दो सेमेस्टर में इंटर्नशिप कराई जाएगी। इंटर्नशिप के दौरान छात्राओं को 12,300 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड भी मिलेगा। यह पाठ्यक्रम स्नातक डिग्री के समकक्ष है तथा 12वीं उत्तीर्ण किसी भी संकाय की छात्राएं प्रवेश ले सकती हैं। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को बैंकिंग और बीमा क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव के साथ रोजगार के अवसर मिलेंगे। इच्छुक छात्राएं पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. सागर सांवरिया से 9828555477 पर संपर्क कर सकती हैं। महाविद्यालय प्रशासन ने छात्राओं से निर्धारित तिथि से पहले आवेदन करने की अपील की है।

नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ मध्यप्रदेश पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 5.41 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त

एक सप्ताह में एमडी ड्रग्स, डोडाचूरा, गांजा, स्मैक और चरस की बड़ी खेप पकड़ी, कई तस्कर गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

भोपाल। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार और तस्करी के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पिछले एक सप्ताह में प्रदेश के विभिन्न जिलों में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर एमडी ड्रग्स, डोडाचूरा, गांजा, स्मैक और चरस सहित करीब 5 करोड़ 41 लाख रुपये से अधिक मूल्य की मादक पदार्थ एवं अन्य संपत्ति जब्त की है।

रतलाम में 3 करोड़ से अधिक की कार्रवाई

रतलाम पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किए। कालूखेड़ा थाना पुलिस ने 2.495 किलोग्राम एमडी ड्रग्स और तस्करी में प्रयुक्त हुंडई क्रेटा कार सहित करीब 2 करोड़ 70 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की। बिलपांक थाना पुलिस ने 106.47 किलोग्राम डोडाचूरा से भरा कंटेनर जब्त कर करीब 30 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की। जावरा शहर थाना पुलिस ने पांच युवकों को गिरफ्तार कर 28.46 ग्राम एमडी ड्रग्स और मोटरसाइकिल सहित करीब 2 लाख 80 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की। पिपलौदा थाना पुलिस ने 20 ग्राम एमडी ड्रग्स, मोटरसाइकिल सहित करीब 2 लाख 40 हजार रुपये की संपत्ति जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। इन कार्रवाइयों में रतलाम जिले में करीब 3 करोड़ 4 लाख रुपये से अधिक की मादक पदार्थ एवं संपत्ति जब्त की गई।

छिंदवाड़ा में 320 किलो से अधिक गांजा जब्त

छिंदवाड़ा पुलिस ने तेंदनीमाल मेन हाईवे रोड पर नाकाबंदी कर एक कंटेनर और टाटा सफारी कार से करीब 320.8 किलोग्राम गांजा, एक लोडेड पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, आठ मोबाइल फोन और 24,090 रुपये नकद सहित करीब 1 करोड़ 10 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की। दोनों वाहनों में सवार सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

नीमच में 58 लाख से अधिक की जब्ती

नीमच पुलिस ने सिंगोली थाना क्षेत्र से 325 किलो 140 ग्राम डोडाचूरा, मनासा थाना क्षेत्र के दो मामलों में 117.54 किलोग्राम डोडाचूरा, नीमच सिटी थाना क्षेत्र से 40 किलोग्राम डोडाचूरा तथा जावद थाना क्षेत्र से 20 ग्राम एमडी और 12 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त किया। इन कार्रवाइयों में करीब 58 लाख 50 हजार रुपये मूल्य के मादक पदार्थ एवं संपत्ति जब्त कर आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए गए।

उज्जैन में 53 किलो से अधिक गांजा पकड़ा

उज्जैन के चिमनगंज मंडी थाना पुलिस ने 53.372 किलोग्राम गांजा, बिना नंबर की कार और 5,300 रुपये नकद सहित करीब 20 लाख रुपये की संपत्ति जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जबलपुर में 23 किलो से अधिक गांजा बरामद

जबलपुर क्राइम ब्रांच, खमरिया और ग्वारीघाट पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 23 किलो 845 ग्राम गांजा जब्त किया गया। जब्त मादक पदार्थ एवं अन्य संपत्ति का मूल्य करीब 11 लाख 92 हजार रुपये बताया गया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

अन्य जिलों में भी तस्करों पर शिकंजा

बालाघाट के चांगोटोला थाना पुलिस ने ओडिशा के दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर 22.290 किलोग्राम गांजा जब्त किया, जिसकी अनुमानित कीमत 11 लाख 14 हजार रुपये है। नरसिंहपुर पुलिस ने कोतवाली और करेली थाना क्षेत्रों में कार्रवाई कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 65.20 ग्राम स्मैक बरामद की, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 7 लाख रुपये है। ग्वालियर के बेलगढ़ा थाना पुलिस ने बोलेरो से 57.600 किलोग्राम गांजा बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जब्त गांजे की कीमत करीब 6 लाख रुपये बताई गई है। इंदौर के तेजाजीनगर थाना पुलिस ने 502 ग्राम चरस, तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और अन्य सामग्री सहित करीब 6 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की। पन्ना के अमानगंज थाना क्षेत्र में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 4 किलो 135 ग्राम गांजा, मोटरसाइकिल और मोबाइल सहित करीब 2 लाख 50 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की गई। कटनी पुलिस ने मुड़वारा रेलवे स्टेशन के पास 18.748 किलोग्राम गांजा के साथ हरियाणा के एक आरोपी को गिरफ्तार किया। बड़वारा थाना क्षेत्र में 1 किलो 872 ग्राम गांजा और मोटरसाइकिल तथा पिपरिया कला क्षेत्र में 2 किलो 258 ग्राम गांजा जब्त किया गया। मंदसौर के वायडी नगर थाना पुलिस ने पांच अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर 67.38 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त किया। वहीं नारायणगढ़ थाना पुलिस ने स्विफ्ट कार से 100 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद किया। दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार और तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। पुलिस द्वारा नशे की तस्करी के नेटवर्क, परिवहन में इस्तेमाल होने वाले वाहनों और इस अवैध कारोबार में शामिल आरोपियों के खिलाफ लगातार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

प्रतापगढ़ में 6 हजार रुपये रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथ गिरफ्तार

- तीन पट्टों को ऑनलाइन करने और मौका देखने के एवज में मांगी थी रिश्वत, तलाशी में 25,068 रुपये मिले

जयपुर@पदमावत मीडिया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने प्रतापगढ़ में कार्रवाई करते हुए पटवार हल्का केलामला के अतिरिक्त चार्ज तथा ग्राम पंचायत रोहणिया, तहसील पीपलखूंट के पटवारी मदन लाल को 6 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी प्रतापगढ़ में 24 अगस्त 2026 को शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि पटवार मंडल रोहणिया का पटवारी मदन लाल परिवादी तथा उसके परिवार के सदस्यों के पट्टे ऑनलाइन करने और मौका देखने के एवज में प्रत्येक पट्टे के लिए 2 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहा है। परिवादी और उसके परिवार के कुल तीन पट्टे होने के कारण आरोपी द्वारा कुल 6 हजार रुपये की रिश्वत मांगी गई। शिकायत के सत्यापन के दौरान आरोपी पटवारी द्वारा तीनों पट्टे ऑनलाइन करने और मौका देखने के एवज में प्रत्येक पट्टे के लिए 2 हजार रुपये के हिसाब से कुल 6 हजार रुपये रिश्वत मांगना सत्यापित हुआ। इसके बाद एसीबी के उप महानिरीक्षक डॉ. रामेश्वर सिंह के सुपरविजन तथा एसीबी प्रतापगढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के नेतृत्व में टीम ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए आरोपी मदन लाल पटवारी को 6 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 25,068 रुपये भी मिले, जिनके संबंध में आरोपी संतोषप्रद जवाब नहीं दे सका। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ एवं आगे की कार्रवाई जारी है। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा। एसीबी ने बताया कि किसी व्यक्ति के विरुद्ध एसीबी में अभियोग, प्राथमिक जांच या परिवाद दर्ज होने पर संबंधित व्यक्ति सीधे एसीबी से संपर्क कर अपना पक्ष या स्पष्टीकरण प्रस्तुत कर सकता है। प्रस्तुत स्पष्टीकरण का विस्तृत विश्लेषण एवं परीक्षण करने के बाद ही अनुसंधान में निर्णय लिया जाना एसीबी की कार्यप्रणाली का हिस्सा है।

जयपुर पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी को देवघर से किया गिरफ्तार

कटोरिया/जयपुर@पदमावत मीडिया। बांका जिले के जयपुर थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की घटना का पुलिस ने महज दो दिनों के भीतर उद्भेदन करते हुए एक आरोपी को झारखंड के देवघर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई ग्लैमर बाइक भी बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मनोज यादव, पिता भुदेव यादव, निवासी तेलियाडीह गांव के रूप में हुई है। जयपुर थाना क्षेत्र के घरचप्पा गांव निवासी सोमलाल हांसदा की बाइक चोरी होने के मामले में जयपुर थाना में कांड संख्या 67/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जयपुर थानाध्यक्ष सुशील राज के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। पुलिस ने तकनीकी एवं अन्य माध्यमों से जांच करते हुए चोरी की बाइक के साथ आरोपी को देवघर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, बाइक चोरी करने वाले गिरोह के तार बिहार और झारखंड से जुड़े हुए हैं। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ के बाद बाइक चोरी की अन्य घटनाओं का भी खुलासा हो सकता है।

सलूम्बर के पनवा गांव में स्कूल, सड़क और मोबाइल नेटवर्क की बदहाल स्थिति, ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

सलूम्बर। जिले की लसाड़िया तहसील के ग्राम पंचायत सती की चौरी के ग्राम पनवा में लंबे समय से विद्यालय भवन, सड़क एवं मोबाइल नेटवर्क की गंभीर समस्याएं बनी हुई हैं। मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी इन समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को जिला कलेक्टर, सलूम्बर को ज्ञापन सौंपकर प्रशासन का ध्यान गांव की समस्याओं की ओर आकर्षित किया। ग्रामीण होम जी मीणा ने बताया कि ग्राम पनवा में विद्यालय भवन की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। गांव के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए विद्यालय भवन से जुड़ी समस्या का समाधान आवश्यक है। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधा के लिए उचित व्यवस्था नहीं होने से विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही गांव में सड़क की स्थिति भी ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। ग्रामीणों ने सड़क की समस्या का स्थायी समाधान कराने तथा आवागमन को सुगम बनाने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के विकास के लिए बेहतर सड़क सुविधा बेहद जरूरी है, ताकि लोगों को आने-जाने में परेशानी नहीं हो।

मोबाइल नेटवर्क की समस्या भी बनी परेशानी

ग्राम पनवा में मोबाइल नेटवर्क की सुविधा का अभाव भी ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है। ग्रामीणों ने गांव में मोबाइल टावर स्थापित कर बेहतर नेटवर्क सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। वर्तमान समय में मोबाइल नेटवर्क संचार, शिक्षा सहित कई आवश्यक कार्यों के लिए महत्वपूर्ण हो गया है। ऐसे में नेटवर्क सुविधा नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय भवन, सड़क और मोबाइल नेटवर्क टावर से जुड़ी समस्याओं का संबंधित विभागों के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि इन मूलभूत सुविधाओं के विकसित होने से गांव के विद्यार्थियों सहित पूरे क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी और गांव के विकास को भी गति मिलेगी। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने प्रशासन से समस्याओं का मौका निरीक्षण करवाकर आवश्यक कार्रवाई करने तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा कराने की मांग की है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि जिला प्रशासन इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी करेगा।

सुनना सीखने से व्यक्ति तरता है : प्रशांत अग्रवाल

उदयपुर@पदमावत मीडिया। नारायण सेवा संस्थान में चल रही 'भोलेनाथ के चरणों में अपनों से अपनी बात' कथा में बुधवार को संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने सावन मास में 'श्रावण यानी सुनने' की महिमा बताई। उन्होंने कहा कि आज हर कोई अपनी बात सुनाना चाहता है, लेकिन दूसरे को सुनने के लिए तैयार नहीं है। यही असहमति और झगड़ों का बड़ा कारण है। जीवन में शांति और संबंधों की मधुरता के लिए सुनने की कला विकसित करना जरूरी है।

प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में श्रवण का विशेष महत्व रहा है। वेदों का ज्ञान भी श्रुति परंपरा के माध्यम से पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ा। उन्होंने महाभारत के प्रसंग से समझाया कि सही समय पर सही बात सुनना जीवन की दिशा बदल सकता है। उन्होंने बताया कि अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ में पल रहे अजन्मे बालक पर अश्वत्थामा ने ब्रह्मास्त्र चला दिया था। भयभीत उत्तरा भगवान श्रीकृष्ण की शरण में पहुंची। भगवान ने सूक्ष्म रूप से गर्भ में प्रवेश कर बालक की रक्षा की। यही बालक आगे चलकर परीक्षित कहलाया। गर्भ में उसने एक ज्योतिर्मय पुरुष के दर्शन किए थे। जन्म के बाद वह प्रत्येक व्यक्ति के चेहरे में उसी दिव्य पुरुष को खोजता रहा। इसी कारण उसका नाम परीक्षित पड़ा। उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित के शासन में प्रजा सुखी थी। दिग्विजय यात्रा के दौरान उन्होंने धर्म और न्याय की स्थापना की तथा कलियुग के प्रभाव को नियंत्रित किया। यात्रा में शिकार से थके परीक्षित जल की तलाश में ऋषि शमीक के आश्रम पहुंचे। ऋषि को ध्यानमग्न देखकर उन्होंने आवेश में उनके गले में मृत सर्प डाल दिया। इससे क्रोधित ऋषि-पुत्र ने उन्हें सातवें दिन तक्षक नाग के डसने का शाप दे दिया। शाप की जानकारी मिलने पर परीक्षित ने राज्य अपने पुत्र को सौंप दिया और गंगा तट पर मृत्यु की प्रतीक्षा करने लगे। उन्होंने ऋषि-मुनियों से पूछा कि मृत्यु के निकट मनुष्य को क्या करना चाहिए। तभी उनकी भेंट शुकदेव से हुई। शुकदेव ने उन्हें भगवान की लीलाओं का श्रवण करने की प्रेरणा दी। अग्रवाल ने कहा, "सुनाने वाले बहुत हैं, सुनने वाले कम। जीवन के उद्धार के लिए केवल बोलना नहीं, सही बात को सुनना भी सीखना होगा।" उन्होंने शिव भक्त कन्नप्पा, माता-पिता के भक्त श्रवण कुमार और नवधा भक्ति के प्रसंग भी सुनाए। उन्होंने कहा कि श्रवण मनुष्य को ज्ञान, विवेक और आत्मबोध की ओर ले जाता है। कथा में दिव्यांगजन और उनके परिजन भी मौजूद रहे।

नगर निकाय चुनाव में साइबर ठगों से रहें सावधान, उदयपुर पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

उदयपुर। आगामी नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव के दौरान साइबर ठग मतदाताओं, चुनाव प्रत्याशियों, राजनीतिक कार्यकर्ताओं तथा चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को निशाना बनाकर साइबर वित्तीय धोखाधड़ी और भ्रामक सूचनाएं फैला सकते हैं। इसे देखते हुए उदयपुर पुलिस ने आमजन से साइबर अपराधों से बचाव और साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की अपील की है।

फर्जी वोटर लिंक से रहें सावधान

साइबर ठग व्हाट्सऐप अथवा एसएमएस के माध्यम से वोटर लिस्ट में अपना नाम देखें, आपका पोलिंग बूथ बदल गया है जैसे संदेश भेजकर फर्जी लिंक पर क्लिक करवा सकते हैं। ऐसे किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करें। चुनाव संबंधी जानकारी के लिए केवल आधिकारिक वेबसाइट और विश्वसनीय सरकारी स्रोतों का ही उपयोग करें।

ओटीपी, बैंक विवरण और यूपीआई पिन साझा नहीं करें

चुनाव अधिकारी अथवा सरकारी कर्मचारी बनकर फोन करने वाले साइबर ठग वोटर कार्ड अपडेट, सत्यापन या अन्य चुनावी प्रक्रिया के नाम पर ओटीपी, बैंक खाता विवरण, यूपीआई पिन अथवा अन्य निजी जानकारी मांग सकते हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि ऐसी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करें।

मतदाताओं, प्रत्याशियों और चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों से सतर्क रहने की अपील

फर्जी वीडियो और डीपफेक से रहें सतर्क

चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर नेताओं एवं प्रत्याशियों के नाम से फर्जी वीडियो, ऑडियो, भाषण और डीपफेक सामग्री वायरल की जा सकती है। किसी भी वीडियो या ऑडियो पर बिना सत्यापन के विश्वास नहीं करें और उसकी सत्यता जांचे बिना उसे आगे साझा या फॉरवर्ड नहीं करें।

प्रत्याशी और कार्यकर्ता सोशल मीडिया खाते सुरक्षित रखें

चुनाव प्रत्याशी एवं राजनीतिक कार्यकर्ता अपने सोशल मीडिया खातों पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन सक्रिय रखें और मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें। किसी अनजान लिंक पर अपनी लॉगिन संबंधी जानकारी दर्ज नहीं करें।

चुनावी चंदे के नाम पर क्यूआर कोड से ठगी

चुनावी चंदे, दान अथवा धन जुटाने के नाम पर भेजे गए यूपीआई लिंक और क्यूआर कोड की अच्छी तरह जांच करें। पैसे प्राप्त करने के लिए कभी भी यूपीआई पिन दर्ज नहीं करना पड़ता। क्यूआर कोड स्कैन करने अथवा पिन डालने से पहले लेन-देन की पूरी जानकारी जांच लें।

व्हाट्सऐप ग्रुप एडमिन भी रहें सतर्क

चुनाव और प्रचार से संबंधित व्हाट्सऐप ग्रुप के एडमिन केवल भरोसेमंद सदस्यों को ही संदेश पोस्ट करने की अनुमति दें। ग्रुप में केवल एडमिन को संदेश भेजने की व्यवस्था का उपयोग कर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री के प्रसार की संभावना को कम किया जा सकता है।

चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिक रहें विशेष सतर्क

चुनावी डेटा अथवा ईवीएम-वीवीपैट से संबंधित संवेदनशील जानकारी किसी निजी उपकरण अथवा असुरक्षित नेटवर्क या सार्वजनिक वाई-फाई पर साझा नहीं करें। अनजान ई-मेल आईडी से प्राप्त चुनाव संबंधी परिपत्र, लिंक अथवा संलग्नक को बिना सत्यापन के नहीं खोलें।

ठगी होने पर तुरंत 1930 पर करें शिकायत

यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर वित्तीय धोखाधड़ी हो जाती है तो बिना देरी किए 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं। इसके साथ ही नजदीकी पुलिस थाना, साइबर पुलिस थाना अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। उदयपुर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि चुनाव संबंधी किसी भी सूचना पर विश्वास करने से पहले उसके स्रोत की पुष्टि करें और साइबर ठगी से बचने के लिए सतर्कता बरतें।

नांदेड में मॉडिफाइड साइलेंसर और लापरवाही से वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई, सात दोपहिया चालकों के खिलाफ मामला दर्ज

नांदेड@पदमावत मीडिया। शहर में कर्णकर्कश आवाज करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर और बेदरकारी एवं लापरवाही से दोपहिया वाहन चलाने वालों के खिलाफ नांदेड ग्रामीण पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने खुदबे नगर चौक क्षेत्र में जांच के दौरान सात दोपहिया वाहन चालकों को नियमों का उल्लंघन करते हुए पकड़ा। इनमें कुछ वाहन चालक नाबालिग पाए गए। पुलिस अधीक्षक डॉ. नीलाभ रोहन के निर्देश पर नांदेड शहर में मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करने वाले तथा लापरवाही से वाहन चलाकर आम नागरिकों की जान को खतरा पैदा करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत 26 अगस्त 2026 की सुबह नांदेड के खुदबे नगर चौक क्षेत्र में नांदेड ग्रामीण पुलिस के कर्मचारी गश्त कर रहे थे। इस दौरान कुछ दोपहिया वाहन चालक मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज और कर्णकर्कश आवाज करते हुए वाहन चलाते पाए गए। पुलिस द्वारा वाहनों की जांच करने पर कई वाहन चालकों के पास आवश्यक दस्तावेज नहीं पाए गए। जांच के दौरान एमएच 38 एबी 8493, एमएच 26 डीयू 7738, एमएच 26 सीएक्स 1374, एमएच 26 एजे 2371, एमएच 26 5228 सहित अन्य दोपहिया वाहन सामने आए। इनमें एक लाल रंग की बिना नंबर वाली मोटरसाइकिल भी शामिल थी। जांच में दो वाहन चालक नाबालिग पाए गए। पुलिस ने इस मामले में मारोतीराव दंतापल्ले की शिकायत पर नांदेड ग्रामीण पुलिस थाने में अपराध क्रमांक 1047/2026 दर्ज किया है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 और 125 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक सड़कों पर कर्णकर्कश आवाज करने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर वाहन चलाने, बेदरकारी से वाहन चलाने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने वाहन चालकों से अपने वाहनों में अनधिकृत बदलाव नहीं करने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। नांदेड पुलिस की इस कार्रवाई का उद्देश्य सड़कों पर कर्णकर्कश आवाज और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण आम नागरिकों की सुरक्षा को होने वाले खतरे को रोकना तथा यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाना है।

मुंबई में यातायात को मिलेगी बड़ी राहत, वर्सोवा-भाईंदर किनारा मार्ग से 90 मिनट का सफर 15-20 मिनट में होगा पूरा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

मुंबई। मुंबई महानगर में यातायात की समस्या को कम करने और यात्रियों को सुगम एवं निर्बाध आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बृहन्मुंबई महानगरपालिका की ओर से मुंबई तटीय मार्ग उत्तर का महत्वाकांक्षी बुनियादी ढांचा प्रकल्प विकसित किया जा रहा है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद मुंबई का पूरा समुद्री तट एक-दूसरे से जुड़ जाएगा। अतिरिक्त महानगरपालिका आयुक्त अभिजीत बांगर ने परियोजना स्थल का दौरा कर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

मुंबई तटीय मार्ग उत्तर का यह मेगा प्रकल्प संपर्क मार्गों और अंतरपरिवर्तन केंद्रों सहित करीब 60 किलोमीटर लंबा होगा। इसके माध्यम से वर्सोवा और भाईंदर शहर आपस में जुड़ेंगे। परियोजना पूरी होने के बाद वर्सोवा से भाईंदर के बीच वर्तमान में लगने वाला करीब 90 से 120 मिनट का समय घटकर केवल 15 से 20 मिनट रह जाने की उम्मीद है।

परियोजना को ए, बी, सी, डी, ई, एफ और दहिसर-भाईंदर जोड़ मार्ग सहित कुल सात पैकेज में विभाजित किया गया है। इसमें आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए दोहरे ऊंचे मार्ग, खारफुटी क्षेत्रों में खंभों पर सड़क, दो केबल आधारित पुल, चार बास्केट पुल, करीब 15 मीटर व्यास वाली दो जुड़वां सुरंगें तथा 10 अंतरपरिवर्तन केंद्रों जैसी विभिन्न बुनियादी सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा।

माइंडस्पेस मालाड से चारकोप खाड़ी तक बनेंगी जुड़वां सुरंगें

पैकेज सी में माइंडस्पेस मालाड से चारकोप खाड़ी के बीच उत्तर दिशा में जाने वाली 3.9 किलोमीटर लंबी सुरंग का निर्माण शामिल है। वहीं पैकेज डी में चारकोप खाड़ी से माइंडस्पेस मालाड के बीच दक्षिण दिशा में जाने वाली 3.9 किलोमीटर लंबी जुड़वां सुरंगों का निर्माण किया जाएगा। अतिरिक्त महानगरपालिका आयुक्त अभिजीत बांगर ने दोनों पैकेज के तहत चल रहे कार्यों का मौके पर निरीक्षण किया।

चारकोप में सुरंग निर्माण के लिए शाफ्ट तैयार किया जा रहा है। इसके लिए 65 मीटर लंबाई और 40 मीटर चौड़ाई वाले क्षेत्र में खुदाई का काम शुरू हो चुका है तथा पाइलिंग का कार्य भी जारी है। सुरंग खोदने वाली मशीन के आवश्यक हिस्से दिसंबर 2026 में उपलब्ध होने की उम्मीद है। इसके बाद अगले दो महीनों में मशीन के हिस्सों को जोड़ने की प्रक्रिया पूरी कर सुरंग की खुदाई शुरू करने का लक्ष्य है। वहीं दूसरी सुरंग खोदने वाली मशीन की जोड़ाई प्रक्रिया जून में पूरी कर दूसरी सुरंग का निर्माण कार्य शुरू किए जाने की योजना है।

निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण काम पूरा करने के निर्देश

निरीक्षण के दौरान अभिजीत बांगर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुंबई तटीय मार्ग परियोजना के सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक समन्वय के साथ कार्य को गति देने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता सड़क एवं यातायात मांतय्या स्वामी, कार्यकारी अभियंता वैभव गांधी, संबंधित अभियंता एवं सलाहकार मौजूद रहे।

दैनिक पदमावत मीडिया – डिजिटल संस्करण, स्वत्वाधिकारी व प्रकाशक : पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित। सम्पादक : पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, मो. नं.: +91-95945-42679 / e-mail:- padmavatmedia@gmail.com / Web:- padmavatmedia.in / पंजीकृत संख्या : MH180326353 / (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।